<u>सेट–2</u>

# हाईस्कूल परीक्षा सत्र : 2019–20

## प्रतिदर्श प्रश्नपत्र– कक्षा–10
## विषय–सामाजिक विज्ञान

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**नोटः** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**निर्देशः**

1– यह प्रश्न पत्र दो खण्डों 'क' एवं 'ख' में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नये पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाये।

2– प्रत्येक प्रश्न के लिये निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित है।

3– प्रश्नपत्र में चार प्रकार के प्रश्न है– बहु–विकल्पीय, अति लघु–उत्तरीय, लघु उत्तरीय व विस्तृत–उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिये गये हैं।

4– 'क' तथा 'ख' खण्डों हेतु दिये गये मानचित्रों को उत्तर–पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

5– दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र–कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड 'क' में प्रश्न संख्या–14 तथा खण्ड 'ख' में प्रश्न संख्या–28 के उत्तर लिखने के लिये दिये गये हैं।

### <u>खण्ड–'क'</u>
### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देशः** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गये चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिये।

**(1)** फ्रान्स की क्रान्ति कब हुई– **1**

(अ) 1757 ई0 (ब) 1765ई0

(स) 1776ई0 (द) 1789ई0

**(2)**निम्नलिखित में राज्य सूची का विषय है– **1**

(अ) स्वास्थ्य (ब) वन

(स) रेल (द) शिक्षा

**(3)**चौरी–चौरा में हिंसात्मक घटना हुयी? **1**

(अ) 5 फरवरी, 1922ई0 को (ब) 8 नवम्बर, 1924ई0 को

(स) 10 फरवरी 1927ई0 को (द) 9 अप्रैल, 1930ई0 को

**(4)**भारत में वास्तविक विक्रेन्द्रीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया– **1**

(अ) 1996 में, (ब) 1995 में,

(स) 1992 में, (द) 1990 में।

**(5)**श्रीलंका में राष्ट्रीय धर्म के रूप में किस धर्म को मान्यता/अपनाया गया है– **1**

(अ) पारसी (ब) जैन

(स) हिन्दू (द) बौद्ध

**(6)**प्रोटेस्टेंट' किस धर्म के अनुयायी होते है? **1**

(अ) हिन्दू (ब) पारसी

(स) सिक्ख (द) ईसाई

## (अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

**(7)**1815 ई0 के वियना सन्धि में नेपोलियन के किस निर्णय को नहीं बदला गया? **2**

(8) राज्य चुनाव आयोग द्वारा कौन से चुनाव करवाये जाते हैं? **2**

(9) रौलेट एक्ट क्या था? यह कब पारित हुआ? **2**

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)**

(10) शहरीकरण से क्या तात्पर्य है? **3**

अथवा

समरुप समाज किसे कहते हैं? **3**

(11) जापान में मुद्रण के विकास को संक्षेप में लिखिए? **3**

अथवा

मुद्रण क्रान्ति के लिए गुटेन्बर्ग के योगदानों का वर्णन करिए? **3**

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)**

(12) लोकतंत्र किस प्रकार उत्तरदायी, जिम्मेदार और वैध सरकार का गठन करता है? **6**

अथवा

क्षेत्रीय दल से क्या तात्पर्य है? प्रमुख क्षेत्रीय दलों का नामोल्लेख करते हुए समकालीन राजनीति में उनकी भूमिका का आंकलन कीजिए। **2+4**

(13) रेशम मार्ग (सिल्क रूट) का वर्णन करिए। **6**

अथवा

19वीं सदी के आते–आते भारतीय कपास बुनकरों के समक्ष उपस्थित समस्याओं का उल्लेख कीजिए। **6**

**(14) <u>मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न</u>**

**निर्देशः—** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिये गये मानचित्र में ⊙ के चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए।

(i) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ। **½+½**

(ii) वह स्थान जहाँ गाँधी जी ने नमक बनाना आरम्भ किया। **½+½**

(iii) वह स्थान जहाँ सूती मिल श्रमिकों ने सत्याग्रह किया। **½+½**

(iv) वह स्थान जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों ने आन्दोलन किया। **½+½**

(v) वह स्थान जहाँ दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। **½+½**

**(दृष्टिबाधित छात्रों के लिए मानचित्र—कार्य के विकल्प रूप में)**

**निर्देशः** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर—पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड कहाँ हुआ? **1**

(ii) नील की खेती करने वाले किसानों ने कहाँ आन्दोलन किया था? **1**

(iii) गाँधी जी ने नमक बनाना किस स्थान से प्रारम्भ किया? **1**

(iv) सूती मिल श्रमिकों ने सत्याग्रह कहाँ किया? **1**

(v) दिसम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ? **1**

## खण्ड–'ख'

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देशः** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिये।

**(15)** ज्वारीय ऊर्जा निम्नलिखित में से किस प्रकार का संसाधन नहीं है? **1**

(अ) पुनः पूर्ति योग्य (ब) मानवकृत

(स) अजैव (द) अचक्रीय।

**(16)** इनमें से कौन सी एक फलीदार फसल है? **1**

(अ) दालें (ब) ज्वार

(स) मोटे अनाज (द) तिल।

**(17)** मोनाजाइट रेत में निम्नलिखित में से कौन सा खनिज पाया जाता है? **1**

(अ) खनिज तेल (ब) थोरियम

(स) यूरेनियम (द) कोयला।

**(18)** लौह–अयस्क किस प्रकार का संसाधन है? **1**

(अ) नवीकरण योग्य (ब) जैव

(स) प्रवाह (द) अनवीकरण योग्य।

**(19)** हॉलमार्क क्या है? **1**

(अ) खाद्य वस्तु की गुणवत्ता का प्रमाण

(ब) धातुओं की शुद्धता का प्रमाण

(स) आभूषणों की गुणवत्ता का प्रमाण

(द) उपरोक्त में सभी।

**(20)** वैश्वीकरण ने जीवन स्तर के सुधार में सहायता पहुँचाई है? **1**

(अ) विकसित देशों के लोगों के

(ब) सभी लोग

(स) विकासशील देशों के श्रमिकों के

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

## (अति लघुउत्तरीय प्रश्न)

**(21)** भारत में उपभोक्ता आन्दोलन कब और क्यों हुआ? **2**

**(22)** विदेशी व्यापार के उदारीकरण से आप क्या समझते हैं? **2**

**(23)** ऊर्जा संसाधनों को कितने भागों में बाँटा जा सकता है? नाम लिखिये? **2**

## (लघुउत्तरीय प्रश्न)

**(24)** काली मृदा पायी जाने वाले दो राज्यों के नाम लिखिये? इस पर मुख्य रूप से कौन सी फसल उगाई जाती है? **1+1+1**

अथवा

भारत की एक खाद्य फसल का नाम लिखिये तथा उसके दो उत्पादक राज्यों का नाम लिखिये? **1+1+1**

**(25)** वर्ष 1973–74 और 2013–14 के बीच चालीस वर्षों में सबसे अधिक वृद्धि किस क्षेत्रक में हुयी, इसके दो कारण लिखिये? **1+2**

अथवा

धारणीयता का विषय विकास के लिये क्यों महत्वपूर्ण है? **1+2**

**(दीर्घउत्तरीय प्रश्न)**

**(26)** मनरेगा 2005 (MGNREGA 2005) के उद्देश्यों की व्याख्या कीजिये? **6**

अथवा

भारत सरकार द्वारा विदेश व्यापार एवं निवेश पर अवरोधक लगाने के क्या कारण थे? इन अवरोध को सरकार क्यों हटाना चाहती थी? **6**

**(27)** जूट मिलें हुगली नदी के किनारे पर क्यों संकेन्द्रित है? किन्हीं चार कारणों को लिखिये? **2+4**

अथवा

भारत को विभिन्न प्रकार की सड़कों का वर्णन कीजिए? **6**

**(28)** **मानचित्र सम्बन्धी कार्य**

**निर्देशः–** दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइयेः–

(i) भाखड़ा–नांगल बाँध ◎ चिन्ह द्वारा नाम सहित। **½+½**

(ii) कावेरी नदी  चिन्ह द्वारा नाम सहित। **½+½**

(iii) लौह तथा इस्पात संयंत्र ▬ चिन्ह द्वारा नाम सहित। **½+½**

(iv) ऊनी वस्त्र उद्योग ● चिन्ह द्वारा नाम सहित। **½+½**

(v) भारत के पश्चिमीतट पर स्थित बन्दरगाह ▲ चिन्ह द्वारा नाम सहित। **½+½**

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र–कार्य के विकल्प रूप में)**

**निर्देशः**–निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिये। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) भाखड़ा–नांगल बाँध किस नदी पर बना है। **1**

(ii) उत्तर भारत की किन्ही दो नदियों के नाम लिखिये। **½+½**

(iii) एक लौह तथा इस्पात संयंत्र औद्योगिक केन्द्र का नाम लिखिये। **1**

(iv) ऊनी वस्त्र उद्योग के एक केन्द्र का नाम लिखिये। **1**

(v) भारत के पश्चिमी तट पर स्थित एक बन्दरगाह का नाम लिखिये। **1**

*****